| | |
|---|---|
| गंगा उठाना | गंगाजल उठाकर शपथ खाना। |
| गंगा नहाना | कृतार्थ होना।छुट्टी पाना।किसी कठिन कार्य को पूरा कर लेना। |
| गंगा दुहाई | गंगा की शपथ। |
| गंगा पार करना | देश से निकालना। |
| गंगा पीना | झूठी कसम खाना। |
| गंगाजली उठाना | गंगाजली हाथ में लेकर शपथ खाना।गंगा की कसम खाना। |
| गंगालाभ होना | गंगा किनारे पर मरना।मुक्त होना।डूब कर मरना।मरना। |
| गंज डालना | बाजार लगाना।मण्डी आबाद करना। |
| गंडा तावीज | मंत्र जंत्र।झाड़ फूंक।जादू टोना।टोटका। |
| गंद बकना | गालियां बकना। |
| गंव से | ढंग से।युक्ति से।धीरे से।चुपके से।उ०-(क) बैठे हैं राम लखन अरु सीता।पंचबटी बर परनकुटी तर कहै कछु कथा पुनीता।कपट कुरंग कनक मनि मय लखि प्रिय सों कहति हंसि बाला।पाए पलिबे जोग मंजुमृग मंजुल छाला। प्रिया वचन सुनि बिहंसि प्रेमबस गंवहिं चाप सर लीन्हें।चल्यो सो भाजि फिरि फिरि हेरत मुनि रखवारे चीन्हे। तुलसी ।(ख)रावन बान महाभट मारे।देखि सरासन गंवहिं [illegible] सिधारे। । [illegible] |
| गंवार का लट्ठ | उजड्ड।अजबक। |
| गई करना | ध्यान न देना।जाने देना।तरह देना। |
| गगन खेलना | बहते हुए पानी या नदी आदि का [illegible] |
| गगन होना | पतंग या गुड्डी आदि का बहुत ऊंचे आकाश में जाना। |

| | |
|---|---|
| गज़ट होना | किसी सूचना या वृत्त का गज़ट में छप जाना। |
| गज़ब टूटना | अचानक भारी विपत्ति आ पड़ना। |
| गज़ब ढाना | आफत करना।भारी अनर्थ करना। |
| गज़ब पड़ना | अचानक भारी विपत्ति आ पड़ना। |
| गज़ भर | बनियों की बोल चाल में एक रुपये में सोलह सेर का भाव। |
| गज़र का वक्त | सबेरा।उषा काल। |
| गज़र दम | तड़के।पौ फटते।सबेरे। |
| गज़र बजे | तड़के।पौ फटते।सबेरे। |
| गजी गाढ़ा | मोटा,साधारण और सस्ता कपड़ा। |
| गज्फा छोड़ना | मछली का पानी के भीतर से बाहर बुलबुला फेंकना। |
| गज्फा दबाना | माल दबाना या हड़प करना।अनुचित रूप से बहुत सा धन एक बारगी ले लेना।मारना। |
| गज्फा मारना | गज्फा छोड़ना।माल मारना।रुपया हाथ में करना। |
| गट्ट करना | निगल जाना।हड़प जाना।दबा बैठना।अनुचित अधिकार कर लेना। |
| गट्टा उखाड़ना | परास्त करना।दबाना। |
| गट्टा पकड़ना | तगादा या झगड़ा करने अथवा बलपूर्वक कुछ मांगने या पूछने आदि के लिए किसी की कलाई पकड़ना। |
| गट्टी करना | किसी खम्भे में बंधी हुई पाल को चूल के सहारे घुमाना। |
| गट्ठर साधना | तैराक का गठरी बांधकर ऊंचाई से कू |
| गठरी कटना | भारी रकम हाथ से निकल जाना।सर्रना। |
| | नए गाटा का चलने योग्य बनना।युक्ति |

| | |
|---|---|
| गठरी कर देना | हाथ पैर तोड़ या बांध कर अथवा और किसी प्रकार बेकाम कर देना। ढेर करना। मार कर गिरा देना। कुश्ती में विपक्षी को इस प्रकार दोहरा कर देना कि जिसमें उसकी आकृति गठरी के समान हो जाय। |
| गठरी बांधना | असबाब बांधकर यात्रा की तैयारी करना। पैरों और घुटनों को छाती से लगाकर और उन्हें दोनों हाथों से जकड़कर गठरी की आकृति बना लेना। |
| गठरी मारना | अनुचित रूप से किसी का धन ले लेना। ठगना। |
| गठिया होना | मोटा होना। |
| गडंग मारना | डींग मारना। शेखी बघारना। बढ़ बढ़कर बातें करना। अहंकार करना। शेखी करना। |
| गड्ड का गड्ड | ढेर का ढेर। बहुत सा। |
| गड्ड में | छोटीबड़ी या सब तरह की चीजें एक साथ लेने पर (मूल्य, माप आदि के विचार से)। |
| (किसी के लिए) गड्ढा खोदना | अनिष्ट का प्रयत्न करना। किसी को हानि पहुंचाने का प्रयत्न करना। |
| गड्ढे में गिराना | विपत्ति में फंसाना। |
| गड्ढे में डालना | विपत्ति में फंसाना। |
| गढ़ गढ़ कर बातें करना | झूठ मूठ की कल्पना करके बात कहना। नमक मिर्च लगाकर बातें करना। उ०- तू माही को मारन जानति। उनके चरित कहा कोउ जाने, उनहिं कही तू मानति। कदम ते मोहिं बुलाय गढ़ि गढ़ि बातें बानति। मटकत गिरी गागरि सिर ते अब ऐसी बुधि ठानति। सूर। |
| गढ़ जीतना | किला जीतना। किले पर अधिकार करना। कठिन काम करना। |
| गढ़ तोड़ना | किला जीतना। किले पर अधिकार करना। कठिन काम करना। |

नर भाटा का चलने योग्य बनना। युक्ति

| | |
|---|---|
| (किसी के लिए) गढ़ा खोदना | किसी की बुराई का, किसी को हानि पहुंचाने का उपाय करना। |
| गढ़ा भरना | घाटा पूरा होना। पेट भरना। |
| गढ़े में गिरना | विपद में फंसना। पतन होना। |
| गड़ जाना | झेंप जाना। लज्जित होना। लजाना। |
| गड़पंख बनाना | मूर्ख बनाना। बेवकूफ बनाना। |
| गड़प से | गड़प शब्द करके (पानी आदि का एक बारगी पी जाना।)। |
| गड़प होना | डूब जाना। धंस जाना। |
| गड़हा खोदना | बुराई करना। हानि पहुंचाना। |
| गड़हा पाटना | टोटा भरना। कमी या घाटा पूरा करना। रूखी सूखी से पेट भरना। |
| गड़हे में पड़ना | असमंजस में पड़ना। फेर में पड़ना। कठिनाई में पड़ना। |
| गड़े मुर्दे उखाड़ना | ~~दबी-दबाम~~ दबी दबाई या पुरानी बात उभाड़ना। पुरानी भूली हुई (अप्रिय) बातों की चर्चा करना। |
| गत का | काम का। अच्छा भला। |
| गत बनाना | दुर्दशा करना। दुर्गति करना। अपमान करना। डांटना-डपटना। मारना-पीटना। दण्ड देना। खबर लेना। हंसी ठट्ठे में लज्जित करना। उपहास करना। झेंपाना। बेवकूफ बनाना। रूप रंग बनाना। वेष धारण करना। अद्भुत रूप रंग बनाना। आकृति बिगाड़ना। |
| गत होना | मरना। मर जाना। |
| गपालखाते में जाना | हजम हो जाना। हड़प हो जाना। |
| गपालखाते लिखना, डालना | हजम हुआ समझना। गया हुआ समझना। |

गर गाटा का चलने योग्य बनना। युक्ति

| | |
|---|---|
| गद्गद् होना | प्रसन्नता से प्रपुरित होना। |
| गदहे का हल चलना | बिलकुल उजड़ जाना। बरबाद हो जाना। |
| गदहे पर चढ़ाना | अत्यधिक अपमान या बदनाम करना। |
| गदाका सुनाना | भिड़की सुनाना। फटकारना। |
| गद्द मारना | अपने वश में करना। |
| गद्द मारा जाना | जड़ हो जाना। बेवकूफ बन जाना। |
| गद्दी चलना | वंश परम्परा या शिष्य परम्परा का जारी रहना। उत्तराधिकारियों का क्रम चलना। |
| गद्दी जगाना | परम्परा का कायम रखना। |
| गद्दी पर बैठना | सिंहासन रूढ़ होना। उत्तराधिकारी होना। |
| गद्दी लगाना | घोड़े को हथेली या कुहनी से मलना। |
| गधा पीटे घोड़ा नहीं होना | मूर्ख सिखाने से समझदार, कमीना समझाने से भला आदमी नहीं हो सकता। |
| गधे का हल चलना | बिलकुल उजड़ जाना। बदनाम हो जाना। |
| गधे को बाप बनाना | काम निकालने के लिए मूर्ख की खुशामद करना |
| गधे पर चढ़ाना | अनादर करना। बहुत अपमानित या बदनाम करना। |
| गधे पर झूल पड़ना | बहुत ही अयोग्य या कुरूप मनुष्य के शरीर पर बहुमूल्य और बढ़िया वस्त्र होना। |
| गधे से हल चलवाना | खुदवाकर जमीन को बराबर करा देना। बिलकुल उजाड़ देना। |
| गप उड़ना | झूठी खबर फैलना। |
| गप उड़ाना | झूठी खबर फैलाना। |
| गप कर जाना | हड़प जाना। |
| गप मारना | झूठी और विनोदपूर्ण बात करना। डींग मारना। लम्बी चौड़ी बातें करना। |
| गप लड़ाना | गपशप करना। |

| | |
|---|---|
| गप हाँकना | काल्पनिक बातें करना।डींग मारना।बकवास करना। |
| गप्पा खाना | धोखे में आना।चूकना। |
| गफ्फा मारना | बड़ा कौर खाना। |
| गबरहा करना | खलिहान के बीच पर गोबर और मिट्टी चढ़ाना। |
| गम करना | चट कर जाना।पेट में डाल लेना।खा लेना। उ०- चारि बृच्छ ब साखा बाके पत्र अठारह भाई।रसिक है मैया गम कीन्हीं मैया अति हरखाई। कबीर। |
| गम खाना | क्षमा करना।ध्यान न देना।जाने देना। उ०- तस्कर के मुख न पड़ैं,दुष्ट के मुख गम खाना। सहजाय ।खेद करना।सन्तोष करना दुखी के दुःख से दुखी होना। |
| गम गलत करना | दुःख देनेवाली बात को भुलाना।शोक दूर करने का प्रयत्न करना।जी बहलाना। |
| गमक उठना | महक उठना।बाजे का बजना। |
| गया करना | गया में जाकर पिंडदान आदि करना। |
| गया घर | दुर्दशाप्राप्त घराना।वह कुल जिसकी समृद्धि नष्ट हो गई हो। |
| गया बीता | बुरी दशा को पहुंचा हुआ।दुर्दशाप्राप्त। नष्ट।निकृष्ट। |
| गरकी देना | कष्ट देना। |
| गरगज लगाना | ढेर करना। |
| गरज गांठना | मतलब सीधा करना।प्रयोजन निकालना।काम सिद्ध करना। |
| गरदन उठाना | विरोध करना।सिर उठाना।विद्रोह करना। |

| | |
|---|---|
| गरदन उड़ाना | सिर काटना। मार डालना। |
| गरदन उतारना | धड़ से सिर अलग करना। मार डालना। बुराई करना। हानि पहुंचाना। |
| गरदन ऐंठी रहना | घमंड में चूर या नाराज रहना। |
| गरदन काटना | धड़ से सिर अलग करना। मार डालना। बुराई करना। हानि पहुंचाना। भारी अहित करना। |
| गरदन झुकना | नम्र, आज्ञाकारी या अधीन होना। लज्जित होना। शरमाना। बेहोश होना। मरना। |
| गरदन झुकाना | नम्रता, आज्ञाकारिता या अधीनता प्रकाशित करना। लज्जित होना। झेंपना। |
| गरदन ढलना | मरना। आसन्न मरण होना। |
| गरदन न उठाना | लज्जित होना। बीमारी से पड़े रहना। सब कुछ सह लेना। |
| गरदन नापना | धक्के देकर निकाल बाहर करना। गरदनिया देना। अपमान करना। |
| गरदन पर | ऊपर। जिम्मे। |
| गरदन पर छुरी फेरना | हलाल करना। अन्याय करना। |
| गरदन पर जुआ रखना | भारी काम सुपुर्द करना। |
| गरदन पर होना | ऊपर होना। जिम्मेदार होना (हत्या, पाप: |
| गरदन फंसना | अधिकार में आना। वश में होना। आंखों में पड़ना। |
| गरदन मरोड़ना | गला दबाना। मार डालना। पीड़ित करना। कष्ट पहुंचाना। |
| गरदन मारना | सिर काटना। वध करना। मार डालना। |
| गरदन में हाथ देना | अपमान करना। गरदनियां देना। क्रोध से किसी की गरदन पकड़ना। |
| गरदन लगाना | प्राणों की बाजी लगाना। |

गर गाटा का चलन योग्य बनना। युक्ति

| | |
|---|---|
| गरदन हिलने लगना | बहुत वृद्ध होना। |
| गरदन हिलाना | स्वीकार या अस्वीकार करना। |
| गरदन सही करना | गरदन पर धौल लगाना। |
| गरम वसर्द उठाना | संसार का ऊंचा नीचा देखना।भले बुरे दिन काटना।दुनिया का अनुभव प्राप्त करना। |
| गरम व सर्द देखना | संसार का ऊंचा नीचा देखना।भले बुरे दिन काटना। |
| गरम व सर्द रखना | दुनिया का भला बुरा,दु:ख सुख देख लेना। दुनिया का अनुभव प्राप्त कर लेना। |
| गरम व सर्द सहना | दुनिया का भला बुरा,दु:ख सुख देख लेना। दुनिया का अनुभव प्राप्त कर लेना। |
| गरम होना | आवेश आना।क्रुद्ध होना।भाव तेज होना। चहल पहल होना। |
| गरमी आना | दिमाग बिगड़ना।क्रोध आना। |
| गरमी करना | प्रकृति में उष्णता लाना।पेट या कलेजे में ताप उत्पन्न करना। |
| गरमी चढ़ना | दिमाग बिगड़ना।क्रोध आना। |
| गरमी दिखाना | क्रोध प्रगट करना। |
| गरमी निकलना | घमंड चूर हो जाना।एंठ ढीली हो जाना। |
| गरमी निकालना | उष्णता दूर करना।प्रसंग करना।गर्व दूर करना। |
| गरमी पचना | घमंड चूर हो जाना।एंठ ढीली हो जाना। |
| गरह कटना | अरिष्ट दूर होना।दु:ख नष्ट होना।आपत्ति टलना। |
| गरा गुजरना | भारी होना।नागवार होना। |
| गराड़ी पड़ना | गहरा चिन्ह होना। |
| गरीबान चाक करना | उन्माद में कपड़े फाड़ना।पागल होना। |

गट्टा का चलन योग्य बनना।बुद्धि

| | |
|---|---|
| गरीबान फाड़ना | उन्माद में कपड़े फाड़ना।पागल होना। |
| गरीबान में मुंह डालना | लज्जित होना।अपराध स्वीकार करना। |
| गरीबान में सिर डालना | लज्जित होना।लज्जा से मुंह छिपाना। |
| गरीबी आना | दरिद्रता होना।मुहताजी होना। |
| गरीबी में आटा गीला होना | धन की कमी के समय पास से कुछ और जाता रहना। |
| गर्द उड़ना | हवा के साथ धूल का फैलना। |
| गर्द उड़ाना | नष्ट या चौपट करना।धूल में मिलाना। बरबाद करना। |
| गर्द को न छू सकना | बराबरी न कर सकना। |
| गर्द को न पहुंचना | समता न कर सकना। |
| गर्द को न लगना | समता न कर सकना। |
| गर्द फांकना | व्यर्थ घूमना।आवारा फिरना। |
| गर्द होना | तुच्छ होना।समता के योग्य न होना।नष्ट होना।चौपट होना। |
| गर्भ गिरना | पेट के बच्चे का पूरी बाढ़ के पहिले निकल जाना।गर्भपात होना। |
| गर्भ गिराना | पेट के बच्चे को औषध आघात द्वारा पूरी बाढ़ या पूरे समय के पहिले निकाल देना। गर्भपात करना। |
| गर्भ रहना | पेट में बच्चा आना। |
| गल गाजना | हर्षित होना। |
| गलतंस हो जाना | निर्वंश हो जाना।वंश का नाश हो जाना। |
| गलती में पड़ना | धोखा खाना।भूल करना। |
| गला आना | गले के भीतर छाला पड़ना।सूजन होना। |
| गला उठाना | घंटी बैठाना। |
| गला कटना | धड़ से सिर अलग होना।क़त्ल किया जाना। अनुचित हानि पहुंचना।किसी के विरुद्ध |

| | |
|---|---|
| | कार्यवाही से हानि पहुंचना। |
| गला कटवाना | जान देना।कतल होना।भारी हानि होना। |
| गला करना | घंटी बैठाना। |
| गला काटना | गरदन काटना।धड़ से सिर अलग करना।अत्यन्त कष्ट पहुंचाना।बहुत दु:ख देना।अन्याय करना।गले के भीतर भनकनाना।विरुद्ध कार्यवाही करके हानि पहुंचाना।बुराई करना।अहित करना। |
| गला खुलना | गले से स्पष्ट स्वर का निकल सकना। |
| गला खुश्क होना | गला सूखना।चिल्लाते चिल्लाते गला बैठ जाना। |
| गला गरमाना | बोलना या गाना आरम्भ करने पर कुछ देर बाद स्वर का तीव्र होना। |
| गला घुंटना | दम रुकना।अच्छी तरह सांस न लिया जाना।गला दबाये जाने से सांस रुकना। |
| गला घोंटना | गले को ऐसा दबाना कि सांस रुक जाय।टेंटुआ दबाना।जबरदस्ती करना।मार डालना। |
| गला चलना | कंठ से सुरीला स्वर निकलना।आवाज का सुरीला होना। |
| गला छुड़ाना | परेशान करनेवाले व्यक्ति या वस्तु से पीछा छुड़ाना। |
| गला छूटना | पीछा छूटना।पल्ला छूटना।छुटकारा मिलना।निस्तार होना।किसी अरुचिकर या इच्छा विरुद्ध बात का दूर होना।बचाव होना। |
| गला जोड़ना | प्रीति या मैत्री प्रकट करने के लिए एक दूसरे के गले में हाथ डालना।मिलना।मैत्री करना।साथ देना। |
| गला टीपना | गले को इतने जोर से पकड़ना कि सांस रुकने लगे।गला दबाकर मार डालना। |

...गांठ का चलन योग्य बनना।युक्ति

जबरदस्ती करना।अनुचित दबाव डालना।

**गला दबाना** — गले को इतने जोर से पकड़ना कि सांस रुकने लगे।गला दबाकर मार डालना।जबरदस्ती करना।अनुचित दबाव डालना।

**गला पकड़ना** — गले में बैठना।गले में चिपकना या रुकना। कंठ से स्पष्ट शब्द न निकलने देना।गले में खुजली का जलन पैदा करना।

**गला पड़ना** — गले के भीतर सूजन या कफ आदि के कारण शब्द मुंह से स्पष्ट न निकलना या घ घरघराहट के साथ निकलना।बहुत बोलने, गाने आदि से विकृत स्वर निकलना।

**गला फंसना** — बन्धन में पड़ना।लाचार होना।मजबूर होना और दबना।विवश होना।ऋणग्रस्त होना।

**गला फंसाना** — दांव में कसना।बन्धन में डालना।वशीभूत करना।आपत्ति में फंसाना।संकट में डालना। ऋण आदि का बोझ ऊपर डालना।

गला फटना = गले में खराश होने से भद्दी, मोटी और बेढंगी आवाज निकलना।

**गला फांसना** — दांव में कसना।बन्धन में डालना।वशीभूत करना।संकट में डालना।ऋण आदि का बोझ ऊपर डालना।

**गला फाड़कर चिल्लाना** — चीखकर बोलना।इतने जोर से चिल्लाना कि गला बैठ जाय।

**गला फाड़ना** — बहुत जोर से बोलना। बेतहाशा चिल्लाना। ~~इतना जोर से चिल्लाना कि गला बैठ जाय~~ जोर भर आवाज लगाना।

**गला बंधना** — मजबूर होना।बंध जाना।विवश होना।

**गला बांधना** — बन्धन में डालना।मजबूर करना।

**गला बैठना** — गले के भीतर सूजन होने या कफ आदि के कारण शब्द मुंह से स्पष्ट न निकलना या घरघराहट के साथ निकलना।बहुत बोलने, गाने आदि से विकृत स्वर निकलना।

| | |
|---|---|
| गला भर जाना | शोक, प्रेम आदि से कंठ का बाष्पावरुद्ध हो जाना। |
| गला भारी होना | गला बैठना। मुंह से ठीक आवाज न निकलना। |
| गला रेतना | अत्यन्त कष्ट पहुंचाना। अधिक और असह्य दुःख देना। अहित करना। बुराई करना। विरुद्ध कार्यवाही करके हानि पहुंचाना। गला काटना |
| गलियां छानना | किसी की खोज में बहुत भटकना। हैरान होना। |
| गलियां झांकना | किसी की खोज में बहुत भटकना, हैरान होना |
| गली कमाना | गली में झाड़ू देना। मेहतर का काम करना। पाखाना साफ करना। |
| गली गली मारे फिरना | इधर उधर व्यर्थ घूमना। जीविका के लिए इधर से व उधर भटकना। चारों ओर अधिकता से मिलना। सब जगह दिखाई पड़ना। साधारण वस्तु होना। |
| गली गली में भटकना | सर्वत्र घूमना। |
| गली झंकाना | इधर उधर हैरान करना। खोज में फिराना। |
| गले उतरना | (बात) मन में बैठना। जी में जंचना। ध्यान में आना। समझ में आना। स्वीकृत होना। |
| गले उतारना | स्वीकार कराना। |
| गले का हार | इतना प्यारा (व्यक्ति या वस्तु) कि पास से कभी अलग न किया जाय। अत्यन्त प्रिय। चिर सहचर। कभी अलग न होना। उ०- ह्वै गौ सोई अब हार गरे कौ। रसाल। |
| गले के नीचे उतरना | (बात) मन में बैठना। जी में जंचना। ध्यान में आना। समझ में आना। स्वीकृत होना। ठीक लगना। |
| गले मढ़कर देना | जबरदस्ती देना। मत्थे मढ़ना। |

| | |
|---|---|
| गले पड़ना | इच्छा के विरुद्ध प्राप्त होना। न चाहने पर भी मिलना। मत्थे पड़ना। उ०- गले पड़ी ढोल बजाए सिद्ध। सिर पड़ना। आगे आना। भोगने या सहने के लिए सामने उपस्थित होना। उ०- होती अनजान तौ न जानत इतीक विथा मेरे जिय जान मेरौ जानिबौ गरे परयौ। देव । |
| गले पर छुरी फेरना | अनिष्ट करना। भारी हानि पहुंचाना। अन्याय करना। गला काटना। |
| (अपने) गले बांधना | संग लगाना। सिर पर ले लेना। व्यर्थ पास में रखना। निष्प्रयोजन लिए रहना। इच्छा के विरुद्ध किसी से विवाह करना। दूसरे की इच्छा के विरुद्ध उसे देना। जबरदस्ती देना। |
| गले मढ़ना | किसी की इच्छा के विरुद्ध उसे देना। जबर-दस्ती देना। किसी की इच्छा के विरुद्ध उस पर किसी कार्य का भार देना। कोई काम सौंपना। किसी की इच्छा के विरुद्ध उसके साथ किसी को ब्याहना। |
| गले मिलना | आलिंगन करना। गले लगाना। बगलगीर होना। भेंटना। |
| गले में उतरना | गिला निगला जाना। मन में धंसना। मन पर प्रभाव करना। |
| गले में अटकना | घोंटा, निगला न जा सकना। मन में न बैठना। बुद्धि को स्वीकार न होना। |
| गले लगना | गले मिलना। गले में हाथ डालना। गले पड़ना। इच्छा के विरुद्ध प्राप्त होना। भेंटना। बगल-गीर होना। |
| गले लगाना | गले मढ़ना। दूसरे की इच्छा के विरुद्ध उसे देना। दूसरे के न चाहने पर भी उसे लेने के लिए विवश करना। आलिंगन करना। |
| गवं ताकना | मौका देखना। |

गवं से — घात दैखकर।मौका तजवीज कर।धीरे से। चुपचाप।उ०- रावन,बान महामट मारे।दैखि सरासन गवंहिं सिधारे। तुलसी ।

गवाह दैना — अपने दावे को सिद्ध करने के लिए प्रमाण के लिए साक्षी उपस्थित करना।

गवाह ऐनी या स्यत — वह गवाह जिसने घटना अपनी आंखों दैखी हो और जो सुनी सुनाई बात कहै।

गवाह समाई — वह गवाह जिसने घटना आंख से न दैखी हो और जो सुनी सुनाई बात कहै।

गवाही दैना — किसी साक्षी का किसी घटना के विषय में अपना इज़हार लिखना,प्रमाण दैना।

गश खाना — मूच्छित होना।बेहोश होना।

गश्त नाचना — वैश्याओं का बारात के आगे नाचते हुए चलना।

गश्त मारना — चक्कर दैना।चारों और फिरना।

गस्सा मारना — कौर मुंह में डालना।

गह बैठना — मूठ पर भरपूर हाथ जमाना।मूठ पर अच्छी तरह हाथ बैठना।

गहने रखना — रैहन या बन्धक रखना।

गहरा असामी — भारी या मालदार आदमी। बड़ा आदमी।

गहरा पेट — ऐसा पेट जिसमें बहुत सी बातें पच जायं। ऐसा हृदय जिसका भेद न मिले।

गहरा हाथ — हथियार का भरपूर वार जिससे खूब चोट लगे।

गहरा हाथ मारना — हथियार का भरपूर वार करना।भारी माल उड़ाना।खूब धन चुराना।बहुत माल पैदा करना।किसी बड़ी भारी या अनूठी वस्तु को पैदा करना।

गहरी घुटना — गाढ़ी भंग पिसना।गाढ़ी मित्रता होना। अत्यधिक हेल मेल होना।अत्यन्त घनिष्टता होना।खूब आमोद-प्रमोद होना।

| | |
|---|---|
| गहरी छनना | गाढ़ी या अधिक भांग पीना। गाढ़ी मित्रता होना। अत्यन्त घनिष्ठता होना। आपस में खूब आमोद-प्रमोद होना। विवाद होना। लड़ाई होना। एक दूसरे के विरुद्ध प्रयत्न होना। |
| गहरी बात | गूढ़ या दिल में बैठनेवाली बात। गम्भीर बात। |
| गहरी सांस भरना | ठंडी सांस लेना। |
| गहरी सांस लेना | अत्यधिक दुःख या शोक होना। सन्तोष या विश्राम का अनुभव करना। |
| गहरे कटना | माल मारना। खूब लाभ उठाना। |
| गहरे चलना | घात में लगना। जाते हुए पथिक का प्राण लेना। (ठग) घोड़े का खूब जोर से कदम चलना। |
| गांठ उखड़ना | जोड़ उखड़ना। किसी अंग का अपने जोड़ पर से हट जाना। |
| गांठ कटना | जेब कटना। गांठ का पैसा निकल जाना। ठगा जाना। |
| गांठ कतरना | गांठ काटकर रुपया निकाल लेना। जेब कतरना। लूटना। ठगना। मूल्य से अधिक लेना। |
| गांठ करना | जोड़ करना। इकट्ठा करना। अपने पास रख लेना। उ०- रस दुष्य तब बीन न गांठी। भुनि का मिठी लपट की गांठी। याद रखना। गांठ में बांध लेना। बटोरना। |
| गांठ का पूरा | धनी। मालदार। |
| गांठ का पूरा आंख का अंधा | धनवान पर मूर्ख। |
| गांठ काटना | जेब कतरना। |
| गांठ खुलना | उलझन मिटना। किसी भारी समस्या का समाधान होना। कोई भारी प्रश्न हल होना। दिल की सफाई होना। |

| | |
|---|---|
| गांठ छोड़ना | उलझन मिटाना।बड़वन दूर करना।कठिनाई मिटाना।उ०- कानि रहनि एक विरति विवेक नीति वैद बुधसंमत पथन निरवान की। बिनु गुन की कठिन गांठि जड़ चेतन की छोरी अनायास साधु सीधक अपान की। तुलसी ।थैली या जेब से रुपया निकालना। पास का खर्च होना। |
| गांठ जोड़ना | गंठजोड़ा करना।गठबन्धन करना।किसी के साथ विवाह करना। |
| (मन में)गांठ पड़ना | भेद मानना।अन्तर रखना।बुरा मानना। खिंचा रहना।वैर मानना।कीना रखना। बिगाड़ होना। |
| गांठ पर गांठ पड़ना | उलझन पड़ती जाना।किसी बात का उत्तरोत्तर कठिन होता जाना।मामला पेचीद होता जाना।व मनमोटाव बढ़ता जाना। द्वेष बढ़ता जाना। |
| गांठ बांधना | अच्छी तरह याद रखना।स्मरण रखना।सदा ध्यान में रखना।उ०- कहल हमारा गांठी बांधो,निसि बासरहि होहु हुसियारा।ये कलि के गुरू बड़ परपंची,डारि ठगौरी सब जग मारा। कबीर । |
| गांठ में लंगोटी न होना | अत्यन्त दरिद्र होना। |
| गांठ में होना | पल्ले में होना।पास में होना।उ०- राजा पदुमावति सों कहा।सांठ नाठ कछु गांठ न रहा। जायसी । |
| गांठ से | पास से।पल्ले से। |
| गांव गवई | देहात |
| गांव गिरावं | देहात।जमींदारी। |
| गांव मारना | डाका डालना।उ०- जिमीदार जुता ताके उमै माई रहै आपस में वैर,गांव मार्यो सब छीजियो। प्रिया । |
| गांस निकालना | वैर निकालना। |

| | |
|---|---|
| गांस में करना | अधिकार में रखना। देख रेख में रखना। शासन में रखना। उ०- निर्गुण कौन देश को वासी। मधुकर कहि समुझाइ सौंह दै बूझत सांच। न हांसी।-------- पावैगी पुनि कियो आपनी जो रे करैगी गांसी। सुनत मौन ह्वै रह्यो ठगो सो सूर सबै मति नासी। सूर। |
| गांसी लगना | तीर लगना। उ०- फांसी से फुंदा लागै गांसी सी गुलाब लागै गाज बरगजा लागै चौवा लागै चहकना। |
| गाज गिरना | बिजली गिरना। आफत आना। |
| गाज पड़ना | वज्रपात होना। बिजली गिरना। उ०- मानहुं पुरी स्वर्ग हुत गाजा। फाटी धरति आइ जो बाजा। जायसी। आफत आना। ध्वंस होना नाश होना। उ०- जो सत पूछसि गंध्रब राजा सत पर कबहुं परै नहिं गाजा। जायसी। |
| (किसी बात पर)गाज पड़े | नष्ट हो। दूर हो। न रह जाय। उ०- (क) गाज परै ऐसी लाज पै जो मरि लोचन देति न मोहिं निहारन। (ख) गाज परै ब्रज को बसिबो तुमहूं, सखि, देखति हौ बरजोरी। दूलह। (किसी को कोसने या किसी बात से अनिच्छा प्रकट करने के लिए इस मुहावरे का प्रयोग स्त्रियां बहुत अधिक करती हैं)। |
| गाज मारना | बिजली गिरना। वज्रपात होना। आफत आना। उ०- दैव कहा सुनु बउरे राजा। देवहि अगुमन मारा गाजा। जायसी। |
| गाजर मूली समझना | तुच्छ समझना। |
| गाढ़ पड़ना | संकट पड़ना। हानि होना। उ०- गाढ़ परे ही जानियै, हित अनहित के कोय। |
| गाढ़ी छनना | खूब भंग पिया जाना। गहगड्ड नशा होना। गहरी मित्रता होना। गूढ़ मित्रता होना। गूढ़ प्रेम होना। गुप्त सलाह होना। लाग डाट होना। विरोध होना। |
| | ... का चलन योग्य बनना। पुष्टि |

| | |
|---|---|
| गाढ़े का साथी | विपत्काल में साथ देनेवाला। |
| गाढ़े दिन | गाढ़,मसीबत के दिन। |
| गाढ़े पसीने की कमाई | कठिन परिश्रम से अर्जित किया हुआ धन। |
| गाढ़े में | विपत्ति के दिनों में।संकट के समय में। |
| गाढ़े में पड़ना | संकट में पड़ना।आपद्ग्रस्त होना।उ०- एक परे गाढ़े,एक डाकत ही काढ़े,एक देखत हैं ठाढ़े,कहैं पावक भयावनो। तुलसी । |
| गाड़ी कटना | किसी डिब्बे का ट्रेन से अलग होना।चलती गाड़ी में से माल चोरी जाना। |
| गाड़ी छूटना | गाड़ी का रवाना होना। |
| गाड़ी जोतना | गाड़ी में घोड़े जोतना।चलने के लिए गाड़ी तैयार करना। |
| गाड़ी भर | बहुत सा।ढेर क ढेर। |
| गाढ़े बैठना | घात में बैठना।चौकी या पहरा देना। |
| गात उमगना | छाती उठना।कुच निकलना। |
| गात से होना | गर्भवती होना। |
| गाती मारना | गाती बांधना। |
| गाथा गाना | कथा या प्रशंसा करना।सविस्तार कहना। |
| गाद बैठना | तलछट बैठना। |
| गाना बजाना | आमोद-प्रमोद करना।उत्सव मनाना।राग-रंग।गान-वाद्य।उत्सव। |
| गाबर गुर्द होना | बरबाद जाना।नष्ट भ्रष्ट हो जाना।चौपट होना।गायब होना।लापता होना।उड़ जाना। |
| गाभ डालना | गर्भ गिराना।गर्भ फेंकना।बच्चा डालना।अत्यन्त भयभीत होना। |
| गाभत होना | पानी का टपकना। |

---

| | |
|---|---|
| गाय का बछिया तले | हेरी फेरी करना।इधर उधर करना। |
| गाय की तरह कांपना | बहुत डरना। |
| गायताळ लिखना | बट्टे खाते डालना।गया गुजरा समझना। उ०- टूटे मणि माळे निर्गुण गायताळ लिखे पोथिन ही अंक मन कलुष विचारही। । गुमान । |
| गायब करना | चुरा लेना।उड़ा लेना। |
| गायब खेलना | बिना देखे शतरंज खेलना। |
| गायब होना | चोरी जाना। |
| गारद में करना | पहरे में रखना।कारागार में बंद करना। |
| गारद में रखना | पहरे में रखना।कारागार में बंद करना। |
| गारी खाना | कलंक लगना।लांछन लगना।दाग लगना। बदनामी होना।उ०- लोचन लालच भारी। इनके लए लाज या तन की सबै स्याम सों हारी।बरजत मात पिता पति बांधव अरु आवै कुल गारी।तदपि रहत न नंद नंदन बिनु कठिन प्रकृति हठ धारी। सूर । |
| गारी लाना | कलंकित करना।दाग लगाना। |
| गाल करना | बोलने में शंका संकोच न करना।मुंहजोरी करना।मुंह से अंडबंड निकालना।उ०- कत सिख देइ हमहिं कोउ माई।गालु करब केहि कर बलु पाई। तुलसी । बढ़ बढ़कर बातें करना।डींग मारना।उ०- गोकुल को कुल देवता श्री गिरिधर लाल।----- बेगि करो मेरो कह्यो पकवान रसाल।वह मघवा बलि लेतु है नित करि करि गाल।गिरि गोवर्धन पूजिये जीवन गोपाल।जाके दीन्हे बाढ़ती गैया गण जाल। सूर । |

| | |
|---|---|
| गाल पिचकना | गालों का धंस जाना।दुबला होना। |
| गाल फुलाना | गर्व सूचक आकृति बनाना।अभिमान प्रकट करना।उ०- सौ मलु मनु न काव हम माई। बचन कहहिं सब गाल फुलाई। तुलसी ।रूठ कर न बोलना।रूठना।रिसाना।मान करना। उ०- दोउ एक संग न होइ भुआलू।हंसब ठठाइ फुलाउब गालू। तुलसी । |
| गाल बजाना | डींग मारना।बढ़ बढ़कर बातें करना।उ०-(क) वृथा मरहु जनि गाल बजाई।मनमोदकन कि भूख बुझाई। तुलसी। (ख) बलवान है स्वान गली अपनी तोहि लाज न गाल बजावत सोहै तुलसी । व्यर्थ बकवाद करना।मिथ्या प्रलाप करना।उ०- कबीर वर्णहिं फेरि कै अवरण भइ क्विार।बैठी आप अतीत ह्वै कियौ अनंत भतारि।कबीर बैठी शेष ह्वै बिना रूप की रांड।गाल बजावै नैति कहि कियौ भतारहि मांड। कबीर । |
| गाल मारना | डींग हांकना।बढ़ बढ़कर बातें करना।सीटना। उ०- मूढ़ मृषा जनि मारसि गाल।राम बैर होइहै अस हाला।तुलसी ।व्यर्थ बकवाद करना।बड़बड़ाना।मिथ्या जल्पना।उ०- क्यों न मारे गाल बैठो काल डाढ़न बीच। तुलसी ।व्यर्थ बकवाद करना।बड़बड़ाना। ग्रास मुख में रखना।कौर मुंह में डालना। उ०- काहू को सर सूधो न परै मारत गाल गली गली हाट। हरिदास । |
| गाल में जाना | मुंह में पड़ना। |
| गाल में भरना | खाने के लिए मुंह में रखना। |
| गाला सा | बहुत उजला।सफेद।धुला। |
| गालियां पर उतरना | गालियां देने लगना।गालियां बकने पर उतारू होना। |
| गालियां पर मुंह खोलना | गाली बकना आरम्भ करना। |

| | |
|---|---|
| गाली खाना | दुर्वचन सुनना।गाली सहना। |
| गाली चढ़ाना | विवाह के पूर्व किसी को किसी लड़की का पति,सास,ससुर आदि बताना। |
| गाली देना | दुर्वचन कहना। |
| गाली पढ़ना | किसी स्त्री के बारे में नाते के विरुद्ध बात कहना। |
| गाहकी पटना | सौदा पटना। |
| गाही के गाही | अत्यधिक। |
| गिटपिट करना | टूटी फूटी अंग्रेजी बोलना। |
| गिन गिनकर कदम रखना | बहुत धीरे धीरे चलना।छोटे छोटे कदम रखना। |
| गिन गिनकर गालियां देना | बुरी से बुरी गालियां देना।अत्यधिक गालियां देना।घर के हर आदमी का नाम ले-लेकर गालियां देना। |
| गिन गिनकर दिन काटना | बहुत कष्ट से समय बिताना। |
| गिन गिनकर पैर रखना | बहुत धीरे धीरे और सावधानता से चलना। |
| गिन गिनकर मारना | खूब मारना। |
| गिन देना | तुरन्त चुकता कर देना। |
| गिनती कराना | किसी कोटि के अन्तर्गत समझा जाना। |
| गिनती के | बहुत थोड़े।संख्या में बहुत कम। |
| गिनती गिनाने के लिए | नाम-गाम के लिए। कहने सुनने भर को। |
| गिनती पर जाना | हाजिरी देने या लिखाने जाना। |
| गिनती में आना | कुछ मूल्य,महत्व का होना।कुछ समझा जाना। जाना |
| गिनती में होना | कुछ मूल्य,महत्व का होना।कुछ समझा जान |
| गिनती होना | महत्व का समझा जाना। |
| गिन्नी खाना | चक्कर खाना (पतंग का)। |

| | |
|---|---|
| गिन्नी खिलाना | चक्कर देना। |
| गिने गिनाये | थोड़े से। गिनती के। |
| गिने-चुने | थोड़े से। गिनती के। |
| गिरकर मामला करना | गरजमंद बनकर, दबकर मामला करना। |
| गिरकर सौदा करना | गरजमंद बनकर, दबकर मामला करना। |
| गिरगिट की तरह रंग बदलना | बहुत जल्दी सम्पत्ति या सिद्धान्त बदल देना कभी कुछ कभी कुछ कहना और करना। |
| गिरफ्त करना | कोई दोष निकालना या आपत्ति करना। |
| गिरफ्तारी निकलना | किसी के गिरफ्तार होने का परवाना या वारंट निकलना। |
| गिरह लगाना | किसी अन्य कवि की किसी छंद पंक्ति को लेकर उसके भाव को बढ़ाकर पूरा करना। उ०- नाते की गिरह ताहि नैननि निबेर दै। द्विज । |
| गिरी गाठा | रेहना। |
| गिल्लियां गढ़ना | वितंडावाद करना। व्यर्थ बकवाद करना। |
| ~~(किसी के)~~ गीत गाना | बड़ाई करना। प्रशंसा करना। उ०- गाना जय के गीत कहीं। दयो० । |
| गीदड़ बोलना | बुरा शकुन होना। |
| गृहस्थी सम्भालना | घर का काम काज देखना। कुटुम्ब का पालन-पोषण करना। |
| गुंचा खिलना | खूब नाच रंग होना। जश्न होना। आनन्द उड़ना। |
| गुंमी बांधना | पाल को खींच खींचकर ठीक करना। (लश०)। |
| गुजर जाना | मर जाना। |
| गुट्ट करना | मिल जुलकर सलाह करना। |

| | |
|---|---|
| गुट्ट बांधना | गुंड इकट्ठा करना।दल बनाना। |
| ~~(किसी के नाम का)~~गुड्डा बांधना | ~~(किसी की)~~अपकीर्ति करते फिरना।निंदा करना।भाट लोग जब अपने किसी जजमान से इच्छानुसार धन नहीं पाते तब एक लम्बे बांस में एक पुतला बांधकर लटकाते हैं और उस पुतले को वही सूम जजमान मानकर उसकी निंदा करते फिरते हैं।इसी को गुड्डा बांधना कहते हैं। |
| गुड़ खाना,गुलगुले से परहेज करना | बड़ी बुराई करना,छोटी से बचना। |
| गुड़ गोबर होना | अच्छा काम बिगड़ जाना।रंग में भंग होना। |
| गुड़ चिंउटा होना | एक दूसरे से गुथ जाना।परस्पर चिपट जाना। गुत्थमगुत्था होना। |
| गुड़ दिखाकर ढेला मारना | कुछ लालच देकर ऐसा बरताव करना जिससे कुछ प्राप्त न हो,उलटा कष्ट उठाना पड़े। भलाई की आशा देकर बुराई करना। |
| गुड़ भरा हंसिया | असमंजस का काम जिसे न तो करते ही बने और न छोड़ते ही।ऐसा काम जिसे करने से भी जी हिचकता है और छोड़ने को भी जी नहीं चाहता। |
| गुड़ लैट जाना | ताव बिगड़ने के कारण गुड़ का गीला और चिपचिपा हो जाना। |
| गुड़ से मरे तो जहर क्यों दे | नरमी से काम चले तो कड़ाई क्यों करे। |
| गुड़िया संवारना | वित्त के अनुसार लड़की का विवाह करना। |
| गुड़िया सी | छोटी और सुन्दर।रूपवती। |
| गुड़ियों का खेल | सहज काम। |
| गुड़ियों का ब्याह | लड़कियों का खेल जिसमें वे गुड्डे और गुड़िया की शादी करती हैं।गरीब आदमी का ब्याह जिसमें बहुत धूम धाम नहीं होती। |
| गुण गाना | प्रशंसा करना। |
| | ... योग्य बनना।यु... |

| | |
|---|---|
| गुण मानना | एहसान मानना। निहोरा मानना। कृतज्ञ होना |
| गुत्थी सुलझाना | जटिल समस्याओं की मीमांसा करना। कठिनाइयों से बचने का मार्ग निकालना। |
| गुदड़ी का लाल | साधारण घर में जन्मा हुआ, साधारण वेश-भूषा में रहनेवाला असाधारण गुणी। |
| गुदड़ी में लाल | तुच्छ स्थान में अच्छी वस्तु। |
| गुदारे लगना | नाव का किनारे पहुंचना। किसी काम की समाप्ति या अन्त होना। |
| गुद्दी की नागिन | गरदन के पीछे बालों की भौंरी जिसे लोग अशुभ समझते हैं। |
| गुद्दी नापना | गुद्दी पर धौल लगाना। |
| गुद्दी से जीभ खींचना | जबान खींच लेना। बहुत कड़ा दण्ड देना। |
| गुबार निकालना | मन में भरी हुई बातें कह डालना। भड़ास निकालना। |
| गुर्रा करना | तातील करना। छुट्टी करना। लंघन करना। फाका करना। |
| गुर्रा देना | नागा करना। लंघन करना। फाका करना। |
| गुर्रा बताना | तातील का वादा करना। नागा करना। लंघन करना। टाल-मटूल करना। |
| (चिराग) गुल करना | (चिराग) बुझाना या ठंडा करना। |
| गुल कतरना | कागज या कपड़े आदि के बेल-बूटे या फूल बनाना। कोई विलक्षण या अनोखा काम करना। गुल खिलाना। बत्ती का गुल काटना। |
| गुल खाना | अपने शरीर पर गरम धातु से दगवाना। जलना। |
| गुल खिलना | विचित्र घटना होना। अद्भुत बात होना। ऐसी बात होना जिसका अनुमान पहले से लोगों को न हो। मजेदार बात होना। कोई |

| | |
|---|---|
| | ऐसी घटना होना जिससे लोगों को कुतूहल हो। बखेड़ा खड़ा होना। उपद्रव मचना। भेद खुलना। |
| गुल खिलाना | विचित्र घटना उपस्थित करना। उपद्रव मचाना कोई अद्भुत, अचम्भे की बात करना। |
| गुल बंधना | आग का अच्छी तरह सुलग जाना। पास में कुछ धन हो जाना। कुछ पूंजी हो जाना। बत्ती के सिरे का कुछ जल जाना। |
| गुल होना | (दीपक) बुझना। |
| गुलगोथना सा | मोटा ताजा। फूले फूले हुए गालवाला। |
| गुलछर्रे उड़ाना | निर्द्वन्द्व रूप से अनुचित और अत्यधिक भोग विलास करना। मौज करना। |
| गुलफटी निकालना | मनोमालिन्य दूर करना। |
| गुलाम का तिलाम | बहुत ही तुच्छ सेवक। सेवक का सेवक। |
| गुलामी बजाना | गुलाम का काम करना। |
| गुल्ली खेलना | खेल-कूद में समय नष्ट करना। |
| गुल्ली बंधना | वीर्य का पुष्ट होना। युवावस्था आना। |
| गुस्सा उतरना | क्रोध शांत होना। |
| (किसी पर) गुस्सा उतारना | क्रोध में जो इच्छा हो उसे पूरा करना। क्रोध प्रकट करना। अपने क्रोध का फल चखाना। एक के ऊपर जो क्रोध हो उसे दूसरे पर प्रकट करना। |
| गुस्सा चढ़ना | क्रोध का आवेश होना। रिस का लगना। |
| गुस्सा थूक देना | क्रोध को दूर कर देना। क्षमा करना। गई-गुजरी करना (स्त्रियां)। |
| गुस्सा निकलना | क्रोध शांत होना। |

| | |
|---|---|
| गुस्सा निकालना | क्रोध की शांति के लिए (किसी पर) बिगड़ना, मारना इत्यादि। |
| गुस्सा पी जाना | क्रोध रोकना। भीतर ही भीतर क्रोध करके रह जाना, प्रकट न करना। |
| गुस्सा मारना | क्रोध रोकना। |
| गुस्से से लाल होना | क्रोध से तमतमाना। क्रोध के आवेश में आना। |
| गूंगी पहेली | वह पहेली जो मुंह से न कही जाय, इशारों में कही जाय। |
| गूंगे का गुड़ | वह बात जो अनुभव की जाय, पर कही न जा सके। अकथनीय अनुभव। |
| गूंगे का गुड़ खाना | गूंगे के द्वारा गुड़ का खाया जाना। उ०- (क) नैनहिं ढुरहिं मोति औ मूंगा। जस गुर खाय रहा ह्वै गूंगा। जायसी । (ख) ज्यों गूंगा गुर खाइ के स्वाद न सके बखानि। तुलसी । |
| गू उठाना | पाखाना साफ करना। तुच्छ से तुच्छ सेवा करना। बड़ी सेवा करना। |
| गू उछलना | कलंक फैलना। निंदा होना। |
| गू उछालना | बदनामी कराना। |
| गू करना | गंदा और मैला करना। |
| गू का कीड़ा | बहुत मैला रहनेवाला। घिनौना आदमी। |
| गू का चोंथ | भद्दा और घिनौना (वस्तु या व्यक्ति)। निकम्मा आदमी। |
| गू का टोकरा | बदनामी का टोकरा। कलंक का मारा। |
| गू खाना | बहुत अनुचित और भ्रष्ट कार्य करना। |
| गू गोड़ते फिरना | अगम्या स्त्रियों से गमन करते फिरना। |
| गू मूत करना | मलमूत्र साफ करना। बच्चे का पालन-पोषण करना। |

| | |
|---|---|
| गू में घसीटना | बहुत जलील करना।दुर्दशा करना। |
| गू में ढेला फेंकना | बुरे आदमी से छेड़-छाड़ करना।नीच के मुंह लगना। |
| गू में नहलाना | बहुत जलील करना।दुर्दशा करना। |
| गूलर का कीड़ा | एक ही स्थान र पड़ा रहनेवाला।अनुभव प्राप्त करने के लिए घर या देश से बाहर न निकलनेवाला।इधर उधर की कुछ भी परवाह न रखनेवाला।कूपमंडूक। |
| गूलर का पेट फड़वाना | गुप्त या दबाई बात प्रकट करना ना।भंडा फोड़वाना।भेद खुलवाना। |
| गूलर का फूल | वह जो कभी देखने में न आये।दुर्लभ व्यक्ति या वस्तु।उ०- दीवाने हो गये हैं गूलर का फूल लेंगे। |
| गूलर का फूल होना | कभी देखने में न आना।दुर्लभ होना। |
| गूलर फोड़कर जीव उड़ाना | गुप्त भेद प्रकट करना। |
| (किसी की )गैल जाना | किसी का अनुसरण करना।किसी के साथ जाना। |
| गैल बताना | दगाबाजी करना।उ०- घायल के प्यारे अब गैल बतरावै।ऊ०। |
| गैल लेना | साथ में लेना। |
| गौंडा सीजना | बरात के पहुंचने पर कन्या के घरवालों का न्योछावर के रूप में कुछ द्रव्य बांटना या लुटाना। |
| गौंदी सा लदना | अत्यधिक फलना।फलों से गुछ जाना। शरीर में शीतला के या और किसी प्रकार के बहुत से दाने निकलना। |
| गौजी चलना | लाठियों से मार-पीट होना। |
| गौटी जमना | खेल के आरम्भ में पौ आदि दांव पड़ने पर, नई गौटी का चलने योग्य बनना।युक्ति |

युक्ति चलना। उपाय या युक्ति का सफल होना।प्राप्ति का डौल होना। आमदनी की सूरत होना।

| | |
|---|---|
| गोटी जमाना | युक्ति लगाना।तदबीर लड़ाना। |
| गोटी बैठना | युक्ति चलना।उपाय सफल होना।प्राप्ति का डौल होना।आमदनी का जरिया होना। |
| गोटी बैठाना | युक्ति लगाना।तदबीर लड़ाना। |
| गोटी मरना | किसी गोटी का मृत मान लिया जाना, खेल में काम न आ सकना। |
| गोटी लगाना | परिस्थितियों का उत्पन्न होना। |
| गोटी लाल होना | लाभ होना।प्राप्ति होना।काम बनना। |
| गोड़ भरना | पैर में महावर लगाना।विवाह की एक रस्म जिसमें वर की माता या चाची उसे गोद में लेकर मंडप में बैठती है और नाइन उसके पैर में महावर लगातीहै। |
| गोड़ी जमना | उद्योग में सफलता होना।लाभ के लिए जो चाल चली गई हो उसका सफल होना। लाभ होना। |
| गोड़ी लगना | उद्योग में सफलता होना।लाभ होना। प्रयत्न सफल होना। |
| गोड़ी हाथ से जाना | कुछ हाथ न लगना।कुछ लाभ न होना। |
| गोता खाना | जल में डूबना।डुबकी लगाना।धोखे में आना। धोखा खाना। |
| गोता देना | डुबाना।धोखा देना। |
| गोता मारना | डुबकी लगाना।डूबना।स्त्री प्रसंग करना।बीच में अनुपस्थित रहना।नागा करना। |
| गोता लगाना | डुबकी लगाना।डूबना।बीच में अनुपस्थित रह रहना।नागा करना। |
| गोद का | छोटा बालक।बच्चा।बहुत समीप का।पास का।गोद में खेलनेवाला। |

| | |
|---|---|
| गोद का बच्चा | शिशु।दुध पीता बच्चा। |
| गोद पसारना | कुछ मांगने के लिए दीनतापूर्वक पल्ला फैलाना। |
| गोद बिठाना | दत्तक बनाना।गोद लेना। |
| गोद बैठना | दत्तक बनना।गोद लिया जाना। |
| गोद भरना | विवाह आदि शुभ अवसरों पर अथवा किसी के आने जाने के समय सौभाग्यवती स्त्री के अंचल में, नारियल आदि पदार्थ देना,जो शुभ समझा जाता है।सन्तान होना। |
| गोद भरी होना | स्त्री के आगे बाल बच्चे होना।सन्तानवती होना। |
| गोद लेना | किसी लड़के को दत्तक बनाना। |
| गोबर करना | गौ,बैल आदि का विष्टा त्याग करना। गाय,बैल आदि के नीचे का गोबर हटाना। गोबर आदि से कंडे पाथना अथवा इसी प्रकार का और कोई मैला काम करना। |
| गोबर का चोथ | भद्दा और बेडौल।जड़ और मूर्ख। |
| गोबर खाना | प्रायश्चित करना। |
| गोबर पाथना | गोबर के कंडे बनाना। |
| गोबर बीनना | ईंधन के लिए सूखा हुआ गोबर इकट्ठा करना। |
| गोबरी निकालना | जहाज के पेंदे में छेद करना। |
| गोबरी फेरना | अन्न की राशि के चारों ओर गोबर का चिन्ह डालना। |
| गोल करना | कोई चीज कहीं से चुपके से हटा देना। गायब करना। |
| गोल गोल | स्थूल रूप से।मोटे हिसाब से।अस्पष्ट रूप से। साफ साफ नहीं। |

**गोल मटोल** — स्थूल रूप से। अस्पष्ट रूप से। मोटा और ठिंगना। नाटा और मोटा। गुलगुथना। ऊंचाई के हिसाब से जिसकी चौड़ाई या मोटाई बहुत अधिक हो।

**गोल मारना** — गड़बड़ मचाना। हलचल मचाना। उ०- ऊधो सुनी तिहारी बोल। ल्यायो हरि कुशलात धन्य तुम घर मार्यो गोल। सूर।

**गोल बांधना** — मंडली या झुंड बनाना। भीड़ लगाना।

**गोल रहना** — बिल्कुल चुप रहना।

**गोल होना** — चुप हो रहना। मौन हो जाना।

**गोली खाना** — बंदूक की गोली से घायल होना। गोली की चोट सहना।

**गोली चलना** — बंदूक से गोली का चलाया जाना।

**गोली मारना** — ~~किसी को बन्दूक की गोली से मार देना।~~ जाने देना। ध्यान न देना। त्याग देना। तुच्छ या अनावश्यक समझना। ठुकरा देना।

**गोली मारो** — उपेक्षापूर्वक छोड़ दो। तुच्छ समझकर ध्यान देना छोड़ दो। मिलने न मिलने या होने न होने की परवाह न करो। जाने दो। दूर हटाओ।

**गोश गुजार करना** — सुनाना।

**गोश होना** — सुनना। कान में पड़ना।

**गोहार मारना** — सहायता के लिए पुकारना।

**गोहार लगना** — सहायता या रक्षा करना। उ०- कौन जन कातर गोहार लगिबे के काज। रत्ना०।

**गोहार लड़ना** — सबको ललकार कर लड़ना। गंवारों का लाठियों से लड़ना। एक आदमी का कई आदमियों से लड़ना।

**गौं का** — मतलब का। काम का। प्रयोजनी (वस्तु)। स्वार्थी मतलबी (व्यक्ति)।

**गौं का यार** — ~~केवल अपना मतलब गांठने के लिए साथ में~~ रहनेवाला। मतलबी। स्वार्थी।

**गौं गांठना** — अपना मतलब निकालना। स्वार्थ साधन करना। काम निकालना। अपनी गरज देखना।

**गौं तकना** — मौका देखना। उ०- जिमि गौं तकइ लेउं केहि भांती। रामा० ।

**गौं निकलना** — काम निकलना। स्वार्थ सिद्ध होना।

**गौं निकालना** — काम निकालना। प्रयोजन सिद्ध होना। मतलब पूरा करना। स्वार्थ साधन होना।

**गौं पड़ना** — काम पड़ना। गरज होना। दरकार होना। आवश्यकता होना।

**गौं से** — चुपके से।

**गौना देना**
**गौना लाना** — वधू को वर के साथ पहले पहल ससुराल भेजना। वर का अपनी ससुराल जाकर वधू को अपने साथ ले आना।